सुविचार

दिमाग ठंडा हो तो फैसले गलत नहीं होते, और भाषा मीठी हो तो अपने दूर नहीं होते!

साप्ताहिक

# युवा प्रदेश

Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299

संपादक-नागेश नरवरिया

YP24 NEWS
FREEDOM OF SPEECH
जिला एवं तहसील में संवाददाता नियुक्त करना है। संपर्क करे -9425156055

वर्ष 9, अंक-17 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 31 मई 2024 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

## ठेकेदार सड़क की मरम्मत नहीं करे और दुर्घटना हो जाए, तब उस पर क्या कार्यवाही होगी, जानिए MV act, 1988

सड़क का निर्माण किसी भी ठेकेदार द्वारा किया जाता है एवं निर्माण विभाग द्वारा एक परिसीमा तय की जाती है की सड़क की अगर खराबी होती है तब उसकी जबाबदारी होती है की तय सीमा के अंदर सड़क की मरमत समय पर करेगा, तब ठेकेदार की संविदा शर्त का समय समाप्त हो जाता है। तब प्राधिकृत अधिकारी जिसे केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार नियुक्त करती है उसे सड़क की मरमत, डिजाइन, चिन्हों आदि मापदंड का ध्यान रखना चाहिए जिससे की किसी भी प्रकार की कोई दुर्घटना न हो। लेकिन अगर किसी खराब सड़क के कारण व्यक्ति की मृत्यु हो जाए या घोर उपहति (50त्नसे अधिक निःशक्तता) हो जाए तब ऐसे में किस पर कार्यवाही होगी जानिए।



युवा प्रदेश समाचार पत्र

- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

**मोटर यान अधिनियम, 1988 की धारा 198 (क) की परिभाषा:** जो कोई प्राधिकारी, संविदाकार(ठेकेदार),या रिसीवर(ग्राही) सड़क डिजाइन, सनिर्माण, मरम्मत एवं रख-रखाव के मानकों (मापदंडों) का अनुपालन करेगा जो नियम केंद्रीय सरकार द्वारा वैध हैं,उनकी जानबूझकर की गई लापरवाही के कारण अगर किसी व्यक्ति की सड़क दुर्घटना से मृत्यु हो जाती है या घोर उपहति के कारण निःशक्त हो जाता है तब प्राधिकारी, ठेकेदार(संविदा शर्त की सीमा के अंदर) या रिसीवर पर एक लाख रुपए जुर्माना एवं उसका जो भी संदाय(भुगतान) आर्थिक क्लेम(दावा) होगा गठित निधि में किया जाएगा।

**नोट-** संदाय का भुगतान अधिनियम की धारा 164 एवं 164(ख) के नियमों केअधीन किया जाएगा।

Notice: this is the copyright protected post. do not try to copy of this article)

------------

## सरकार, जमीन अधिग्रहित कर ले, मुआवजा ना दें, तो क्या कानूनी कदम उठा सकते हैं

भारतीय संविधान में नागरिकों को संपति का मौलिक अधिकार दिया गया था लेकिन उसे समाप्त कर अब यह मौलिक अधिकार सिर्फ कानूनी अधिकार रह गया है। इसी प्रकार मध्यप्रदेश भू-राजस्व सहिंता की धारा 57 कहती है कि प्रदेश की समस्त भूमि पर सरकार का अधिकार होगा। यानी सरकार को जब जरूरत होगी, वह किसी भी व्यक्ति की निजी जमीन का उपयोग कर सकती है। इसके बदले में सरकार भूमि स्वामी को प्रतिकर अदा करती है। अब प्रश्न है कि यदि सरकार प्रतकर अदा ना करें, तो क्या भूमि स्वामी इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट की शरण ले सकता है-



युवा प्रदेश समाचार पत्र

- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

**कल्यानी (मृत) वि.प्र. के माध्यम से और अन्य बनाम सुल्तान बेथरी म्यूनिसिपल्टी और अन्य (अपील क्रमांक 4125 निर्णय वर्ष 2022)-** उक्त मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा अभिनिर्धारित किया गया कि अगर किसी व्यक्ति की भूमि को सरकार निर्माण कार्य में लेती है और उस व्यक्ति को प्रतिकर के रूप में उचित राशि नहीं देती है। तब यह उस व्यक्ति का अनुच्छेद 21 (जीवन जीने की स्वतंत्रता) मौलिक अधिकार एवं अनुच्छेद 300क (संपत्ति का कानूनी अधिकार) का उल्लंघन होगा। उक्त निर्णय का सार यह है कि सरकार बिना प्रतिकर दिए किसी भी व्यक्ति को उसकी भूमि से बेदखल नहीं कर सकती है अगर ऐसा करती है तो यह आम नागरिकों के मौलिक अधिकार का उल्लंघन होगा एवं इसके लिए आम व्यक्ति डायरेक्ट सुप्रीम कोर्ट से अनुच्छेद 32 के अंतर्गत मदद मांग सकते हैं। Notice: this is the copyright protected post. do not try to copy of this article)।

# आरजीपीवी घोटाले में ईडी ने शुरू की जांच, विश्वविद्यालय से मांगे दस्तावेज

### ईडी ने तत्कालीन कुलपति के कार्यकाल के बैंक खातों के अलावा वित्त शाखा में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों की पूरी जानकारी भी मांगी।

**भोपाल।** शहर में स्थित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) में हुए 19.48 करोड़ के एफडी घोटाले में अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी जांच शुरू कर दी है। जांच एजेंसी ने विश्वविद्यालय के तत्कालीन कुलपति प्रो. सुनील कुमार के कार्यकाल के बैंक खातों की जानकारी यूनिवर्सिटी से मांगी है। ईडी ने शुक्रवार को विश्वविद्यालय को भेजे पत्र में यहां वित्त शाखा में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों की पूरी जानकारी देने के लिए भी कहा है। जांच एजेंसी यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि विश्वविद्यालय के खातों में जमा यह रकम निजी खातों में ट्रांसफर करने के साथ और किस-किस तरह की गड़बड़ियां की गईं। बता दें कि कुलपति व अन्य अधिकारियों ने विश्वविद्यालय के खातों में जमा




19.48 करोड़ रुपये की राशि अपने निजी खातों में ट्रांसफर कर ली थी। विश्वविद्यालय की ओर से पूरी जानकारी सोमवार को ईडी को तय फार्मेट में उपलब्ध कराई जाएगी। बता दें कि इस मामले में तत्कालीन कुलपति, रजिस्ट्रार, वित्त नियंत्रक सहित आठ लोगों के विरुद्ध एफआइआर दर्ज हुई थी। मामले में कुलपति से इस्तीफा ले लिया गया था। तत्कालीन कुलपति समेत कुछ अन्य लोगों की गिरफ्तारियां इस मामले में अब तक हो चुकी हैं।

## नागझिरी में गैस लीक होने बाद सिलेंडर में धमाका, तीन लोग झुलसे

सोनकच्छ/देवास। देवास जिले के सोनकच्छ नगर से समीप ग्राम सांवेर के नागझिरी में गैस सिलेंडर में धमाका होने से तीन लोग झुलस गए। एक व्यक्ति को हाथ में और पैर में चोट आई जबकि अन्य 2 भी घटना का शिकार हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार रात करीब 11 बजे ग्राम सांवेर के नागझिरी में उस समय हादसा हो गया जब गैस सिलेंडर का लीकेज देखने के लिए सिलेंडर को घर के बाहर लाया गया।यह जानकारी के अनुसार तीनों घायलों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल लाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। 108 वाहन की मदद से तीनों घायलों को बाद में देवास रैफर कर दिया गया।

## मध्य प्रदेश में पहली बार बीटी कपास बीज का उत्पादक बनेगा किसान

**धार।** भीषण गर्मी में बीटी काटन (कपास) बीज के लिए मालवा-निमाड़ अंचल के किसानों ने कतार में लगाकर अपना पसीना बहाया था। ऐसे हालात आने वाले समय में निर्मित नहीं हों, इसके लिए धार, बड़वानी और खरगोन जैसे कपास उत्पादक जिलों में किसानों को पहली बार बीटी काटन के बीज का उत्पादक बनाने की तैयारी की जा रही है। इसमें बहुराष्ट्रीय कंपनी और किसानों के बीच अनुबंध होगा। शुरुआत में करीब 50 हेक्टेयर में बीज का प्रोडक्शन लेने की योजना है। दावा किया जा रहा है कि मध्य प्रदेश में पहली बार किसानों को बीज के लिए कृषि विभाग लाभ के साथ आत्मनिर्भर बनाने की पहल कर रहा है। जल्द ही कंपनी व किसानों के मध्य अनुबंध हो जाएगा।



## 'राहुल गांधी के कहने पर मणिशंकर अय्यर ने चीन को दी क्लीन चिट', 1962 युद्ध पर भाजपा का पलटवार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए आखिरी चरण का मतदान 1 जून को होना है। इसके लिए अंतिम दौर का चुनाव प्रचार जारी है। इसके बाद सभी को 4 जून को इंतजार रहेगा जब लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित होंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर के बयान पर एक बार फिर बवाल हो गया है। उन्होंने 1962 के भारत-चीन युद्ध का जिक्र करते समय 'कथित चीनी आक्रमण' शब्द का इस्तेमाल किया, जिस पर भाजपा ने प्रतिक्रिया दी है। भाजपा का कहना है कि इस बयान के जरिए कांग्रेस ने चीन को क्लीन चिट दी है, जबकि आज भी उस युद्ध में हड़पी गई भारत की जमीन चीन के कब्जे में है। राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे के कहने पर यह बयान दिया गया है। हालांकि अय्यर ने तत्काल माफी मांग ली और कांग्रेस ने भी खुद को इससे अलग कर लिया है, लेकिन भाजपा की ओर से लगातार प्रतिक्रिया जारी है। बता दें, अय्यर ने मंगलवार को फॉरेन कॉरेस्पॉन्डेंस क्लब में आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया था। यहां का एक कथित वीडियो तेजी से वायरल हुआ। इसके बाद कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बताया कि पार्टी के वरिष्ठ नेता ने इस शब्द का इस्तेमाल करने के लिए तत्काल माफी मांगी थी। कांग्रेस खुद को इस बयान से अलग रखती है।



### मणिशंकर अय्यर के बयान पर भाजपा की प्रतिक्रिया

मणिशंकर अय्यर कहते हैं कि 1962 में चीन ने कथित तौर पर भारत पर आक्रमण किया था। क्या यह बात राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे की मंजूरी के बिना कही जा सकती है? वे लोग चुप क्यों हैं? हम सभी भारत और चीन के संबंध जानते हैं। भारत ने हमेशा चीन को उसकी जगह दिखाई है। इसमें हमें गर्व है। ऐसे समय में कांग्रेस और मणिशंकर अय्यर का यह संकेत कांग्रेस पार्टी की भारत विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। - गौरव भाटिया, भाजपा प्रवक्ता भाजपा आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने एक्स पर लिखा- कांग्रेस नेता अय्यर 1962 के चीनी आक्रमण पर पर्दा डालना चाहते हैं, जिसके बाद चीनियों ने 38,000 वर्ग किमी भारतीय क्षेत्र पर अवैध कब्जा कर लिया था। यह कांग्रेस का चीनियों के प्रति प्रेम बताता है?

### बलिया में गृहमंत्री अमित शाह की जनसभा,

# बोले- कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विरोधी पार्टी

**बलिया।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के बलिया में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कश्मीर में तिरंगा फहराया बल्कि आतंकवाद को समाप्त कर दिया। शाह ने कहा, कांग्रेस सरकार के समय सपा-बसपा का समर्थन था। दस साल तक देश में आए दिन बम धमाके होते हैं। मोदी जी को आपने पीएम बनाया। उरी और पुलवामा हमला हुआ। प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों का सफाया किया।



### सपा सरकार में माफिया का था राज

गृहमंत्री शाह ने कहा, समाजवादी पार्टी के शासन में यूपी में माफिया राज था। 2017 में बीजेपी की सरकार बनी। योगी आदित्यनाथ को मुख्यमंत्री बनाया गया। उन्होंने माफियाओं को सीधा कर दिया। अमित शाह ने कहा कि अब किसी माफिया की हिम्मत नहीं कि वो गरीब की जमीन पर कब्जा कर लें। भाजपा ने पूर्वांचल को माफिया से मुक्त किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विरोधी पार्टी है। इन्होंने गैर संवैधानिक तरीके से पिछड़ों का आरक्षण मुस्लिमों को दिया। अमित शाह ने कहा, कांग्रेस ने कर्नाटक और हैदराबाद में धर्म के आधार पर मुस्लिमों को आरक्षण दिया। गृहमंत्री ने आगे कहा कि जब तक बीजेपी का एक भी सांसद है।

# वॉइस चेंजर एप्लीकेशन द्वारा हो रही धोखाधड़ी से रहें सावधान! राज्य सायबर पुलिस मुख्यालय ने जारी की एडवाइजरी

**भोपाल रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

वर्तमान समय में मोबाइल के लिये विभिन्न तरीकों के एप्लीकेशन उपलब्ध हैं।जिनमें से कई एप्लीकेशन ऐसे हैं जो कॉल करते समय आवाज को बदलने की सुविधा देते हैं। जिसे वॉइस चेंजर एप्लीकेशन भी कहा जाता है। ऐसे एप्स प्ले स्टोर व अन्य स्टोर पर आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं। ऐसी एप्लीकेशन का उपयोग कर किसी अन्य व्यक्ति, महिला, बुजुर्ग, बच्चों तथा कम्प्यूटर (रोबोट) की आवाज में कॉल करके बात की जा सकती है। वर्तमान समय में कुछ प्रकरणों में ऐसा देखने में आया है कि अपराधी वॉइस चेंजिंग एप्लीकेशन का दुरुपयोग करके स्वयं की आवाज को महिला की आवाज में बदलकर छात्राओं एवं महिलाओं को कॉल करके किसी बहाने से अज्ञात स्थान पर बुलाकर बलात्कार तथा लूट जैसे अपराधों को अंजाम दे रहे हैं। यदि कोई अंजान व्यक्ति आपको कॉल करके महिला, बुजुर्ग, बच्चों आदि किसी आवाज में आपको किसी भी प्रकार का प्रलोभन देकर या डरा धमका कर आपको किसी अज्ञात स्थान पर बुलाने का प्रयास करें तो ऐसी किसी भी




कॉल पर आप सतर्क हो जाएं। अपराधी ऐसे वॉइस चेंजिंग एप का इस्तेमाल करके आपको या आपके परिजन को किसी स्थान पर बुलाकर गंभीर अपराध को अंजाम दे सकते हैं जैसे शारीरिक क्षति पहुंचाना, अभद्र कार्य के लिये मजबूर करना, पैसों की डिमांड करना आदि। इससे बचने के लिए कई प्रकार से सावधानियां रखनी चाहिए।जैसे किसी भी अन्जान नम्बर से आये कॉल पर विश्वास न करें, चाहे वह किसी शासकीय संस्था के नाम या शासकीय योजना का फायदा दिलवाने के नाम पर किये गये हों। यदि कोई व्यक्ति आपको या आपके परिवारजनों को अंजान जगह मिलने बुलाता है तो या तो जाने से परहेज करें या अपने साथ किसी समझदार व्यक्ति को लेकर जायें। ऐसे व्यक्ति जिन पर आपको शक होता है कि वह आपको नुकसान पहुंचा सकते हैं उनके बारे में अपने परिजनों एवं मित्रों को बता कर रखें। वॉइस चेंजर एप्लीकेशन से तैयार की गयी आवाज कई बार बेहद सुरीली व कम्प्यूटराइज्ड होती है अतः ऐसे किसी कॉल के आने पर ध्यान देवें की कहीं वह आवाज बनावटी तो नहीं है। यदि कोई आपका परिचित बनकर कॉल करता है तो उस कॉल को काट कर जिस परिचित के नाम से कॉल की गई है उसको उनके निजि नम्बर पर कॉल करके सुनिश्चित कर लें कि क्या उसी व्यक्ति के द्वारा आपको कॉल किया गया था। यदि आपके साथ भी कोई सायबर अपराध या इस तरह का अपराध घटित होता है या आपको किसी तरह की सायबर अपराध की जानकारी मिलती है तो उसकी शिकायत अपने नजदीकी पुलिस थाने में या साइबर क्राइम की वेबसाइट www.cyber-crime.gov.in या साइबर क्राइम हेल्प लाइन टोल फ्री नम्बर 1930 पर करें।

# ध्वनि प्रदूषण एवं अग्निकांड जैसी घटनाओं की रोकथाम समेत कई अन्य मुद्दों पर साप्ताहिक बैठक में अधिकारियों को निर्देश






**भोपाल रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक ली । इस दौरान सभी विभागों के लंबित कार्यों एवं सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समीक्षा कर उनका समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने ध्वनि प्रदूषण के संबंध शासन द्वारा जारी निर्देशों का सखूती से पालन कराने के निर्देश देते हुए कहा कि इनका उल्लंघन करने वालों पर सभी एसडीएम, पुलिस प्रशासन का सहयोग लेकर कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि आग लगने की घटनाओं के रोकथाम के लिए प्रत्येक तहसील स्तर पर एक टीम बनाई जाए। स्कूल, कॉलेज, कोचिंग, गेम ज़ोंस, मॉल, शासकीय भवनों एवं अन्य सभी सार्वजनिक स्थल जहां बड़ी संख्या में लोगों का आना-जाना होता हैं, ऐसे सभीं स्थलों की फायर एनओसी का क्रॉस एग्जामिनेशन कर भ्रमण भी कर लें। इस प्रकार की घटना के संज्ञान में आते ही टीम द्वारा क्विक रिस्पांस के तहत कार्यवाई होना चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि आगामी समय में जिले के नदी, कुआँ, तालाबों, बाबड़ियों एवं अन्य जलस्त्रोतों का सफाई अभियान चलाया जाना हैं इसके संबंध में सभी एसडीएम जगह चिन्हित कर तैयारी पूरी कर लें।बैठक के दौरान एडीएम सभी अनुविभागों के एसडीएम एवं सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# लू लगना घातक हो सकता है गंभीर हीट स्ट्रोक के खतरे से सुरक्षित रहें भोपाल में सिवियर हीट स्ट्रोक से दो लोगो की मौत

**भोपाल रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**


दिन पर दिन बढ़ती गर्मी परेशानी बन रही है। भीषण गर्मी का असर लोगों की सेहत पर भी देखा जा रहा है।भीषण गर्मी के चलते भोपाल में ब्रेन स्ट्रोक के मामले बढ़े हैं।सिवियर हीट स्ट्रोक से दो लोगो की मौत हो गई। बीते दो दिन में शहर के अलग-अलग अस्पतालों में 18 से 20 मरीजों में ब्रेन स्ट्रोक के मरीज आए हैं।लेकिन कितनी भी धूप हो या तापमान कितना भी क्यों न बढ़ गया हो ऑफिस जाने वालों को घर से निकलना ही पड़ता है।लेकिन बिना सावधानी के तेज धूप में बाहर जाना ब्रेन स्ट्रोक या मृत्यु का कारण भी बन सकता है। दरअसल हमारे शरीर का तापमान हमेशा 37ए डिग्री सेल्सियस होता है, इस तापमान पर ही हमारे शरीर के सभी अंग सही तरीके से काम कर पाते है। पसीने के रूप में पानी बाहर निकालकर शरीर 37ए सेल्सियस टेम्प्रेचर मेंटेन रखता है, लगातार पसीना निकलते वक्त भी पानी पीते रहना अत्यंत आवश्यक है।पानी की कमी होने पर शरीर पसीने के रूप में पानी बाहर निकालना बंद कर देता है। जब बाहर का टेम्प्रेचर 45ए डिग्री के पार हो जाता है और शरीर की कूलिंग व्यवस्था ठप्प हो जाती है, तब शरीर का तापमान 37ए डिग्री से ऊपर पहुँचने लगता है। शरीर का तापमान जब 42ए सेल्सियस तक पहुँच जाता है तब रक्त गरम होने लगता है और रक्त मे उपस्थित प्रोटीन पकने लगता है । स्नायु कड़क होने लगते है इस दौरान सांस लेने के लिए जरुरी स्नायु भी काम करना बंद कर देते



प्रतिकात्मक चित्र

हैं। शरीर का पानी कम हो जाने से रक्त गाढ़ा होने लगता है, ब्लडप्रेशर लौ हो जाता है। महत्वपूर्ण अंग विशेषतः ब्रेन तक ब्लड सप्लाई रुक जाती है। व्यक्ति कोमा में जा सकता है। और उसके शरीर के एक- एक अंग कुछ ही क्षणों में काम करना बंद कर देते हैं, और उसकी मृत्यु तक हो सकती है। गर्मी के दिनों में ऐसी गंभीर स्थिति से बचने के लिए लगातार थोडा थोडा पानी पीते रहना चाहिए। और हमारे शरीर का तापमान 37ए मेन्टेन किस तरह रह पायेगा इस ओर ध्यान देना चाहिए।कोशिश करें 12 से 3 बजे के बीच ज्यादा से ज्यादा घर या ऑफिस के अंदर रहने का प्रयास करें। किसी भी अवस्था मे कम से कम 3 ली. पानी जरूर पियें।किडनी की बीमारी वाले प्रति दिन कम से कम 6 से 8 ली. पानी जरूर लें। ठंडे पानी से नहाएं। फल और सब्जियों को भोजन मे ज्यादा स्थान दें।

# गर्मियों में रखें सावधानी बहुत ठंडा या बर्फीला पानी पीने से बचें हो सकता है स्ट्रोक का खतरा




**भोपाल रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

इस भीषण गर्मी में 40 से 50 डिग्री सेल्सियस के बीच गर्मी की लहर से बचने के लिए हमेशा तैयार रहें। इससे बचने के लिए कुछ सावधानियां बरतें जैसे कि हमेशा कमरे के तापमान का पानी धीरे-धीरे पिएँ। ठंडा या बर्फीला पानी पीने से बचे ।÷गर्मी की लहर÷ का सामना करते हुए क्या करें और क्या न करें डॉक्टर सलाह देते हैं कि तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुँचने पर बहुत ठंडा पानी न पिएँ, क्योंकि इससे हमारी छोटी रक्त वाहिकाएँ फट सकती हैं। बताया गया कि एक डॉक्टर का दोस्त बहुत गर्म दिन से घर आया - उसे बहुत पसीना आ रहा था और वह जल्दी से खुद को ठंडा करना चाहता था - उसने तुरंत अपने पैर ठंडे पानी से धोए... अचानक, वह गिर गया और उसे अस्पताल ले जाया गया। जब बाहर की गर्मी 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच जाए और जब आप घर आएँ, तो ठंडा पानी न पिएँ केवल धीरे-धीरे नॉर्मल पानी पिएँ। अगर आपके हाथ या पैर तेज़ धूप में हैं, तो तुरंत न धोएँ। धोने या नहाने से पहले कम से कम आधे घंटे तक प्रतीक्षा करें। कोई व्यक्ति गर्मी से राहत पाना चाहता था और तुरंत नहा लिया। स्नान के बाद, व्यक्ति को जबड़े में अकड़न और स्ट्रोक की शिकायत के साथ अस्पताल ले जाया गया। कृपया ध्यान दें । गर्मियों के महीनों में या अगर आप बहुत थके हुए हैं, तो तुरंत बहुत ठंडा पानी पीने से बचें, क्योंकि इससे नसें या रक्त वाहिकाएँ संकरी हो सकती हैं, जिससे स्ट्रोक हो सकता है।

# तेज रफ्तार यात्री बस बिजली के पोल से टकराते हुए पलटी, पांच यात्रियों को आई चोट,मौके पर पहुंची पुलिस

**संवाददाता -राजू राय**

शहडोल। जयसिंहनगर थाना क्षेत्र के भैंसहा तिराहे के पास एक अनियंत्रित यात्री बस बिजली के पोल से टकराने के बाद सड़क पर पलट गई,इस घटना में बस में सवार पांच यात्रियों को मामूली चोटे आई है। बस में दो दर्जन से अधिक यात्री सवार थे घटना की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से बस में फंसे सभी यात्रियों को बाहर निकल गया, घायल पांच यात्रियों को अस्पताल भेजा गया प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी भी मिल गई है। थाना प्रभारी के अनुसार नफीस कंपनी की बस क्रमांक एमपी 18 पी 5786 कोयलारी से शहडोल की ओर आ रही थी तभी रास्ते में भैंसहा



तिराहे के पास चालक ने बस से अपना नियंत्रण खो दिया और बस सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से टकरा गई, बिजली के पोल से टकराती हुई बस सड़क पर ही पलट गई तो वहीं रास्ते से गुजर रहे कुछ लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस की डायल हंड्रेड के साथ-साथ 108 एंबुलेंस को दी, चंद मिनट में ही एंबुलेंस के साथ-साथ पुलिस टीम घटनास्थल पहुंची और सड़क पर पलटी बस में फंसे यात्रियों को स्थानीय लोगों को मदद से पुलिस के द्वारा बाहर निकला गया पुलिस के अनुसार बस में दो दर्जन से अधिक यात्री सवार थे जिसमें पांच लोगों को मामूली चोटे आई हैं। चोटिल हुए पांचो यात्रियों को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया था जहां उपचार के बाद यात्रियों की अस्पताल से छुट्टी भी हो गई है। अन्य यात्रियों को पुलिस ने दूसरे साधनों से उनके गंतव्य तक पहुंचाने का कार्य किया।



# अनूपपुर वालीबॉल टीम विजई रथ में सवार, चैंपियनशिप प्रतियोगिता में अनूपपुर की पुरूष वर्ग की टीम ने दूसरे मैच में भी रतलाम को हराया

**कैलाश कुमार - सह संपादक**

अनूपपुर। मुरैना के अंबाह में चल रहे पांच दिवसीय मप्र राज्य स्तरीय 69 वीं पुरुष एवम् महिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप प्रतियोगिता में अनूपपुर की पुरूष वर्ग की टीम ने अपने दूसरे मुकाबले में रतलाम को दो शून्य (26-24 व 25-20) से हारकर अपनी जीत बरकरार रखी, यह टीम की लगातर दूसरी जीत है, बताया गया की एक पूल कुल पांच टीमें है, जिसमे अधिक अंक पाने वाली टीम क्वार्टर फाइनल के लिए प्रवेश करेगी। जिला वालीबाल संघ के सह सचिव हरिशंकर यादव रेफरी जितेंद्र पनिका, श्रीमति पार्वती पनिका लगातर खिलाड़ियों का मार्गदर्शन व उत्साहवर्धन कर रहें है । लगातर टीम की दूसरी जीत पर जिला वॉलीवाल के संरक्षक लक्ष्मण राव, अरुण कुमार सिंह, आशीष त्रिपाठी, पंकज अग्रवाल, अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा कार्यकारी अध्यक्ष सिद्धार्थ शिव सिंह, रामखेलावन राठौर उपाध्यक्ष विनोद विंधेश्वरी प्रसाद पाण्डेय,अमित शुक्ला,सोमनाथ प्रचेता ,विनोद सोनी ,रमेश तिवारी सचिव रामचन्द्र यादव कोषाध्यक्ष प्रदीप यादव सह कोषाध्यक्ष उमेश राय, सह सचिव और स्टेट रेफरी दिनेश कुमार सिह चंदेल, मिथलेश सिंह नेताम ,श्रीमती सुमिता शर्मा ,हरिशंकर यादव स्टेट रैफरी अतुल कुमार यादव ने टीम के इस जीत पर बधाई प्रेषित की है।

# सशक्त हस्ताक्षर का द्वितीय वार्षिकोत्सव कला वीथिका में अपार सफलता के साथ सानंद सम्पन्न हुआ

**कैलाश कुमार - सह संपादक**

जबलपुर। सर्वप्रथम संस्थापक गणेश श्रीवास्तव प्यासा ने शब्द सुमनों से सभी का अभिनंदन किया ? मुख्य अतिथि डॉ. अशोक कुमार तिवारी संस्थापक अध्यक्ष, संगीत श्रोता समाज जो पंजीकृत सागर, अध्यक्षता ब्रह्मर्षि महामहोपाध्याय आचार्य डॉ. हरिशंकर दुबे, विशिष्ट अतिथि एड. प्रभा खरे अखिल, श्रीमती रत्ना श्रीवास्तव राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अ. भा. कायस्थ महासभा, श्रीमती आनंद ज्योति पाठक पूर्व सशक्तीकरण अधिकारी, स्वागाताध्यक्ष मंचमणि राजेश पाठक प्रवीण,राजकुमारी रैकवार राज अध्यक्ष स्वर झंकार म्युजिकल ग्रुप, शायर जलज शर्मा सोहागपुर की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ ? सभी मान्य अतिथियों का शाल, श्रीफल, मानपत्र से सम्मानित किया गया ? मंगलभाव राजेन्द्र मिश्रा, संतोष नेमा संतोष, प्रतुल श्रीवास्तव,एड. राजीवलाल श्रीवास्तव, एड. शशि खरे, डॉ सलमा जमाल,छाया त्रिवेदी, शशिकला सेन,अर्चना मलैया,डॉ. विजय तिवारी किसलय ने सशक्त हस्ताक्षर को शुभकामनाएँ दी ? मुख्य अतिथि डॉ. अशोक कुमार तिवारी ने भारतीय महान नारियों का साहित्य में महत्वपूर्ण योगदान बताया एवं महिलाओं के लेखन क्षेत्र भी जुड़ने की बात कही, उन्होंने यह भी बताया पढ़ने योग्य ही लिखा जाये।




अध्यक्ष डॉ. हरिशंकर दुबे ने सशक्त हस्ताक्षर का महत्व बताया। इस अवसर पर समाज सेवक पं. अरविंद कुमार तिवारी जबलपुर, शायर जलज शर्मा सोहापुर, साहित्य, समाज, संस्कृति, कला को समर्पित संस्था अंतस्? के संस्थापक डॉ. प्रो. अनिल कोरी, निर्देशिका विनीता पैगवार विधि, कायस्थ समाज को समर्पित चंद्रकला सक्सेना, अनिल सक्सेना दंपत्ति का, प्रदीप खरे,पन्ना रैपुरा से पधारे कवि श्रेष्ठ डॉ. राजीव खरे, सिहोरा से युवा कवि मुकेश त्रिपाठी, कटनी से ग़जलकार चंद्र किशोर श्रीवास्तव चंदन, देवेन्द्र पाठक महरूम, आनंद तिवारी,रागिनी मित्तल, इंद्राना से इंद्र सिंह राजपूत, कछार गांव सिहोरा से अखिलेश खरे अखिल, ढीमरखेड़ा से बालमुकुंद लखेरा को भी सम्मानित किया गया। सलाहकार, हिंदी के भक्त कवि संगम त्रिपाठी, महासचिव गुलजारी जैन, अध्यक्ष मदन श्रीवास्तव,उपाध्यक्ष डॉ. मुकुल तिवारी, युवा कवि अम्लान गुहा नियोगी, कुंजीलाल चक्रवर्ती निर्झर भेड़ा घाट, बुंदेली, हिन्दी के वरिष्ठ कवि जयप्रकाश श्रीवास्तव की रचनाओं ने भरपूर मनोरंजन किया। तरूणा खरे, निर्मला उत्तम श्रीवास्तव, दिलदार चौधरी, कालीदास ताम्रकार काली, आशुतोष तिवारी ने समां बांध दिया। प्रभा बच्चन श्रीवास्तव, प्रकाश सिंह ठाकुर, रेखा श्रीवास्तव, मीना श्रीवास्तव, श्रीमती बक्शी मैडम, रश्मि खरे रश्मि ने शानदार प्रस्तुतियाँ दी ? कीर्ति भटनागर, मनीष भटनागर, सिद्धेश्वरी सराफ शीलू, आरती श्रीवास्तव, वैशाली वर्मा पूर्णिका, श्रीराम नामदेव, चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव, डॉ. ताराचंद कुशवाहा, हेमन्त बोन्द्रे, श्रीमती नीलम सक्सेना बोन्द्रे, संदीप खरे युवराज, विजय नेमा अनुज, अमर सिंह वर्मा ने मंच को नयी ऊँचाईयाँ दी ?यशोवर्धन पाठक, आकाश पाण्डेय, केशरी प्रसाद पाण्डेय वृहद, हरीश चिमनानी, डॉ. आशा श्रीवास्तव, पं. दीनदयाल तिवारी की कविताओं ने गहरा असर छोड़ा। जी . पी. जायसवाल, रमाकांत गौतम, राजेन्द्र ब्यौहार, उदय भास्कर अम्बष्ठ, वानप्रस्थ मंच से आर. के. अग्रवाल, अशोक सुहाने, कमल ताम्रकार की गरिमामय उपस्थिति रही। संचालन गणेश श्रीवास्तव प्यासा, आभार मदन श्रीवास्तव ने किया।

# मतगणना स्थल में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण रहेंगे प्रतिबंधित

## प्रवेश हेतु प्राधिकार पत्र होगा अनिवार्य



**कैलाश कुमार - सह संपादक**

शहडोल। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग ने जानकारी दी है कि लोकसभा निर्वाचन हेतु 4 जून 2024 को मतगणना कार्य संभागीय मुख्यालय शहडोल के पॉलिटेक्निक कॉलेज शहडोल में बनाए गए स्ट्रांग रूम में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतगणना स्थल में मोबाइल, स्मार्ट वॉच, केल्कुलेटर सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, सिगरेट गुटख, तम्बाकू व अन्य मादक पदार्थ प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने बताया कि मतगणना अभिकर्ता पेन, पेसिंल, सादा कागज, नोटपैड, मतदान के दिन पीठासीन अधिकारी द्वारा पोलिंग एजेण्ट को दिये गये मतपत्र लेखा की डुप्लीकेट कॉपी, बीमार होने की स्थिति में दवाईयां साथ में ला सकते है। उन्होंने बताया कि मतगणना कक्ष में मतगणना प्रेक्षक,निर्वाचन से संबंधित शासकीय सेवक,निर्वाचन आयोग द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति,निर्वाचन कार्य से संबंधित व्यक्ति,गणना पर्यवेक्षक,गणना सहायक,सूक्ष्म प्रेक्षक,अभ्यर्थी,अभ्यर्थी के निर्वाचन अभिकर्ता, अभ्यर्थी के गणना अभिकर्ता को ही प्रवेश दिया जाएगा तथा प्रवेश के बाद मतगणना परिसर से बाहर जाने पर पुनः प्रवेश नहीं दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतगणना कक्ष मे मतगणना दिवस पर प्रातः 6 बजे पहुंच जायें।

# नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत 46062 लोग हुए साक्षर



**कैलाश कुमार - सह संपादक**

शहडोल। जिला प्रौढ शिक्षा अधिकारी श्रीमती सवित्री सोनी ने जानकारी दी है कि नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत शहडोल जिले के 46062 साक्षर हुए। इसमें 19 मार्च 2023 की परीक्षा में 11972 एवं 24 सितम्बर 2023 की परीक्षा में 12061 और 17 मार्च 2024 की परीक्षा में 22029 लोग पास हुये। उन्होने बताया कि गोहपारू विकासखण्ड तीन परीक्षाओं में 9754 लागे साक्षर हुये। 17 मार्च 2024 की परीक्षा में 4150 असाक्षर के लक्ष्य के विरूद्ध 4458 लोग परीक्षा में शामिल हुए। जिसमें 4450 उत्तीर्ण हुए। इसी प्रकार व्यौहारी विकासखण्ड के 10344, जयसिंहनगर विकासखण्ड के 10762, बुढ़ार विकासखण्ड में 7626 एवं सोहागपुर विकासखण्ड में 8211 असाक्षर अभी तक की तीन परीक्षाओं में साक्षर हुए। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय कारागार में सितम्बर 2023 में 41




नवसाक्षर बंदियों में परीक्षा दी। जिसमें 40 बंदी पास हुए। 19 मार्च 2024 की परीक्षा में 44 नवसाक्षर वंदियों ने परीक्षा दी जिसमें सभी 44 बंदी पास हुए।

# सैकड़ो शोध पत्र व शहीद मनीराम जी के जीवन वृत्त पर शोधकर्ता डॉ. श्रीमती रेखा रानी राठौर का 30 मई को सेवा निवृत्ति

**मूलचन्द मेधोनिया पत्रकार भोपाल**

इतिहासकार, साहित्यकार, वरिष्ठ समाजसेविका एवं कवि प्रोफेसर डॉ. श्रीमती आर. आर. राठौर वर्तमान में शहीद भगत सिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पिपरिया में एसोसिएट प्रोफेसर इतिहास के पद से 30 मई 2023 को सेवा निवृत्त हो रही है. जिनका चयन सन 1991 में मध्यप्रदेश लोकसेवा आयोग में हुआ था. जिनकी पदस्थापना लखनादौन, गाडरवारा, पिपरिया, सोंसर पुनः पिपरिया में सेवारत और यहां से ही शासकीय सेवा से सासम्मान निवृत्त होगी. डॉ. आर. आर. राठौर जी के 60 शोध पत्र प्रकाशित है. चार अन्तर्राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी में शोध पत्र प्रस्तुत किये. तथा अन्तर्राष्टीय विश्वविद्यालय नालंदा





में आयोजित अन्त र्ष्टीय शोध अनुसंधान कार्यक्रम में शोध पत्र प्रस्तुत किये. देश के अनेक राज्यों जैसे मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, जम्मू कश्मीर, बिहार के राज्यों में राज्य स्तरीय शोध संगोष्ठियों में भाग लेकर शोध पत्र का प्रस्तुतिकरण. देश में आयोजित विभिन्न राष्ट्रीय शोध संगोष्ठियों के आयोजनों में अनेक बार अध्यक्षता, मुख्य वक्ता, विशिष्ट वक्ता, बिषय विशेषज्ञ, संचालन, संयोजक, व संरक्षक जैसे भूमिका को शुशोभित किया. डॉ. श्रीमती राठौर जी का सामाजिक क्षेत्र में योगदान सन 1917 से 2023 तक की संक्षिप्त उपलब्धियां जैसे राष्ट्रीय स्तर शिविर -2 , विश्वविद्यालय शिविर-2 , जिला स्तर शिविर-1 , श्रीमती राठौर जी राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी के तौर पर निम्नांकित अनुकरणीय कार्य किये जिनके माध्यम से राष्ट्रीय शिविर में 8 छात्राओं को चयन, राज्य स्तर पर 8 छात्राओं (वर्तमान में एक छात्रा शिविर में है) विश्वविद्यालय स्तर पर-2 छात्रा, जिला स्तर पर - 8 छात्राएँ, पूर्व गणतंत्र दिवस परेड में -6 छात्राओं को जिला स्तर पर चयनित कर बाघा बाड़र हेतु चयनित, यूनिसेफ के अन्तर्गत आगाज-2 छात्रा इंटरशिप हेतु चयन. एन. एस. एस. राज्य का सर्वोच्च पुरस्कार प्राप्त. व सी प्रमाण पत्र प्राप्त. डॉ. राठौर जी ने अनेक जिला स्तरीय सम्मान जिलाधीश द्वारा प्रशास्ति पत्र, पचमढ़ी उत्सव-बो्सर, राज्य स्तर पर सम्मानित एवं एन. एस. एस. राज्य स्तर पुरस्कार उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव जी द्वारा प्राप्त. डॉ. रेखा रानी राठौर ने जो भी उपलब्धि/सामाजिक, शासकीय सेवा से प्राप्त की, वह सभी, उपलब्धि उन्होंने महाविद्यालय पिपरिया को समर्पित की।

# राशन वितरण की शिकायतें मिलने पर होगी सख्त कार्यवाही–कमिश्नर

## कमिश्नर ने दी अधिकारियों को चेतावनी, कमिश्नर ने वर्षा प्रारंभ होने से पूर्व सड़को की मरम्मत करने के दिए निर्देश







**कैलाश कुमार – सह संपादक**

शहडोल। कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद ने सहकारिता एवं खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह राशन वितरण प्रणाली को और अधिक बेहतर बनाएं। कमिश्नर ने निर्देशित करते हुए कहा है कि शहडोल संभाग की सभी राशन दुकानें निर्धारित तिथियों में खुलना चाहिए और राशन दुकानों के माध्यम से हितग्राहियों को राशन समय पर मिलना चाहिए। कमिश्नर ने अपने ग्रामीण क्षेत्रों के भ्रमण का हवाला देते हुए कहा है कि मैं ग्रामीण क्षेत्रों में जहां भी जा रहा हूं वहां राशन दुकाने बंद मिल रही हैं और ग्रामीणों द्वारा राशन नहीं मिलने की शिकायतें निरंतर प्राप्त हो रही हैं। कमिश्नर ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा है कि वे तत्काल स्थिति को सुधारें। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को राशन



नहीं मिलने की शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध पुलिस में प्रकरण दर्ज कराऊंगा। ऐसे अधिकारियों और कर्मचारियों के विरूद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए उनकी सेवाएं समाप्त करने की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाएगी। कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद ने उक्त निर्देश मंगलवार को समयवाधि पत्रों की समीक्षा बैठक में खाद्य एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों को दिए। बैठक में कमिश्नर ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत बनाई गई सड़कों का निरीक्षण करने के निर्देश देते हुए कहा कि कार्यपालन यंत्री प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना निर्माण एजेन्सियों के साथ शहडोल संभाग के सभी सड़कों का निरीक्षण करें तथा जहां सडकें क्षतिग्रस्त हुई है उन सभी सड़कों की मरम्मत वर्षा प्रारंभ होने से पूर्व करें। कमिश्नर ने कहा कि यह कार्य तेजी से होना चाहिए। बैठक में दगना प्रथा को पूर्णतः बंद करने के निर्देश देते हुए कमिश्नर ने मुख्य चिकित्सा अधिकारियो एवं महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे दगना प्रथा के प्रति लोगों को जागरूक करें। बैठक में कमिश्नर ने शहडोल संभाग के सभी 22 नगरीय निकायों की साफ-सफाई व्यवस्था की भी समीक्षा की। बैठक में संयुक्त आयुक्त विकास श्री मगन सिंह कनेश, उपायुक्त राजस्व श्रीमती मिनिषा पाण्डेय, उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती ऊषा सिंह, अपर संचालक लोक शिक्षण श्री सहदेव मरावी, उप संचालक सामाजिक न्याय सुश्री प्रज्ञा मरावी, अधीक्षण यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा श्री सुनील परिहार एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# अहिरवार समाज संघ म प्र की प्रांतीय बैठक संपन्न हुई।



**भोपाल।** गुरु रविदास जिंसी मंदिर जांहगीराबाद भोपाल में 26/5/2024 को संस्थापक चौधरी अमान सिंह नरवरिया जी के मुख्य आतिथ्य में रखी गई जिसमें प्रदेशाध्यक्ष राजेश अहिरवार, प्रदेश प्रदेश संरक्षक बी सी बरगले जी उपाध्यक्ष वरिष्ठ आचार्य बी एस माडरे, माधोसिंह अहिरवार, महिला प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष संगीता गोलिया जी प्रदेश संयुक्त सचिव आदरणीय कमल अहिरवार जी प्रदेश सचिव आदरणीय पति राम अहिरवार जी कानूनी सलाहकार एस एस सूर्यवंशी मीडिया प्रभारी मूलचंद मेधोनिया,प्रदेश संगठक गोपीलाल अहिरवार संभाग अध्यक्ष रवि सूर्यवंशी भोपाल, ग्वालियर संभाग अध्यक्ष गंगाराम अहिरवार, जिला अध्यक्ष कन्हैयाराम अहिरवार गुना, जिला अध्यक्ष रायसेन हेमंत चौधरी,, जिला अध्यक्ष निवाड़ी भास्कर जी जिला अध्यक्ष सीहोर तुलसीराम व तमाम तहसील,ब्लाक,शहर अध्यक्ष गड, भोपाल संभाग अध्यक्ष उमा सिंह की उपस्थिति में बैठक में अनेकों बिंदुओं पर निर्णय लिये गये। संस्थापक जी के दिये निर्देशों को विस्तार से आचार्य बी एस मांढरे प्रदेश उपाध्यक्ष जी ने समझाया। आगामी आयोजन रायसेन,गुना सीहोर होशंगाबाद निवाड़ी भोपाल में आयोजित होने के आश्वासन जिला अध्यक्ष गड़ो ने दिये। संस्थापक जी ने सीताराम पटेल को प्रदेश संरक्षक, कुंजी लाल को प्रदेश उपाध्यक्ष




भोपाल संभाग अध्यक्ष रवि सूर्यवंशी को प्रदेश उपाध्यक्ष तुलसीराम सीहोर जिला अध्यक्ष को संभागीय संचीव, के पदों पर पदोन्नति दी गई। आर के देहलवार जी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। मनीष गोलियां जी को मीडिया प्रदेश उपाध्यक्ष सीहोर जिला अध्यक्ष पद पर करन सिंह अहिरवार को नियुक्त किया। नारायण सिंह शिक्षक चाचौड़ा को प्रदेश महासचिव पद पर नियुक्त किया। सभी प्रदेश पदाधिकारी गण के उद्बोधन सराहनीय हुए। पदाधिकारियों को मासिक बैठक तीन गांवों की लेना अनिवार्य किया । प्रत्येक पदाधिकारियों को संस्थापक जी से माह में एक बार फोन पर संघ संबंधित चर्चा करना आवश्यक होगी। समाज में व्याप्त कुरीतियों को अंधविश्वास हटाने और कुसंगत प्रचलनों को न चलानें आदि बिंदुओं पर निर्णय लिये जिनको आगा पंद्रह दिन में पांमप्लेट छपवानें और समाज को आगाह कराने हर गांव शहरों में पहुंचाने की जिम्मेदारी लेते हुए उपाध्यक्ष माधोसिंह अहिरवार जी ली और संस्थापक जी को आश्वस्त किया। संघ को विधिवत चलाने संस्थापक जी के निर्देशों पर चलना सभी पदाधिकारियों का कर्तव्य है।आभार व्यक्त माधोसिंह अहिरवार जी ने किया। पदाधिकारियों का स्वागत सम्मान पुष्प मालाओं से किया । संत शिरोमणि गुरु रविदास जी को सभी पदाधिकारियों ने नमन करते हुए बैठक संपन्न हुई।

## जन्मदिन विशेष पर.... (1 जून 2024)

उदयपुरा क्षेत्र ही नहीं बल्कि संपूर्ण मध्य प्रदेश में अपनी सामाजिक कार्य शैली से जाने जाने वाले, समाज के सुख-दुख के अग्रणी साथी, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता आदरणीय रमन वामने जी को 42 से जन्मदिन की सभी सामाजिक संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के माध्यम से उनकी दीर्घायु और समाज में नवाचार के लिए शुभकामनाएं प्रेषित करते हैं।




## कन्याकुमारी में ध्यान में लीन पीएम मोदी, सामने आए फोटो-वीडियो, विपक्ष को लगी मिर्ची



एजेंसी, कन्याकुमारी। चुनाव प्रचार खत्म करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार शाम को कन्याकुमारी पहुंच गए। यहां प्रसिद्ध विवेकानंद रॉक मेमोरियल में 45 घंटे की ध्यान साधना जारी है। इस दौरान पीएम मोदी ने अपनी डाइट में नारियल पानी और अन्य तरल पदार्थों को ही शामिल किया है। ध्यान साधना में लीन पीएम मोदी के फोटो-वीडियो सामने आने के बाद विपक्ष भड़क गया है। यहां देखिए फोटो-वीडियो और पढ़िए रिएक्शन्स कांग्रेस के राष्टीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी की ध्यान-साधना पर कटाक्ष करते हुए कहा कि ध्यान साधना करने या गंगा में डूबकी लगाने से ज्ञान नहीं आता है। वहीं समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि चुनाव परिणाम के बाद ध्यान साधना करने वाले कहेंगे कि साधना में कोई कमी रह गई होगी, इसीलिए चुना में हार मिली। सबसे पहले भगवती अम्मन मंदिर में पूजा की। इस दौरान पीएम मोदी ने सफेद धोती पहनी और शाल ओढ़ी। यहां से प्रसिद्ध विवेकानंद रॉक मेमोरियल पहुंचे और 45 घंटे की ध्यान साधना शुरू की।

# 01 जून को इंडिया गठबंधन की मीटिंग में क्या हो एजेंडा ?

29 जून 2024 शाम 06 बजे इसी विषय पर मध्यप्रदेश के पूर्व सपा विधायक डॉ. सुनिलमजी के यूट्यूब चैनल बहुजन संवाद पर इंडिया गठबंधन की अलग - अलग पार्टियों के कई नेताओं के साथ कार्यक्रम में मुझे भी आमंत्रित किया गया था। मैं लगभग आधे घंटे कार्यक्रम से जुड़ी रही। कई वक्ताओं के विचार सुने लेकिन मेरी बारी आते ही( चूंकि 27 मई की पालघर रेल दुर्घटना की रात में घर नहीं जा पाई थी। स्टेशन पर रात गुजारने पर मुझे मोबाइल देखते रहना पड़ा। साथ ही कल भी लोकल रेलसेवा बंद रहने से अधिकांश समय मोबाइल पर ही बीता।) इसलिए अचानक मेरा मोबाइल डाटा समाप्त हो जाने से मेरा संपर्क टूट गया और मैं फिर से नहीं जुड़ पाई। चूंकि इस प्रकार के कार्यक्रम में जुड़ने का यह मेरा प्रथम अनुभव था। इसलिए मेरे पास अचानक सामने आई इस समस्या का कोई त्वरित समाधान नहीं था। अंततः उस कार्यक्रम में मैं मेरी बात को नहीं रख पाई। लेकिन अगर मुझे कोई विषय मिल जाता है तो उस पर मैं मेरा गहन चिंतन - मनन करती रहती हूं और मेरे मन में विचार आया कि मुझे मेरे सुझावों को किसी भी तरीके से, जो कि मेरे लिए सुविधाजनक हो, सबके समक्ष रखने चाहिए।

## इसलिए उक्त संदर्भ में पेश है मेरे अपने सुझाव –

- 01 जून को इंडिया गठबंधन की बैठक में क्या हो एजेंडा ?
- आजकल एक चर्चा जोरों पर है कि 04 जून 2024 को आम लोकसभा चुनाव की मतगणना के दिन विपक्षी पार्टियों और उनके प्रत्याशियों को इस बात की कड़ी निगरानी रखनी चाहिए कि मतगणना में कोई गड़बड़ी न हो।
- मुझे लगता है ये सिर्फ़ आंशिक उपाय है क्योंकि मतों की चोरी तो पहले ही हो चुकी है। अब तो उस चोरी को पकड़ने की तैयारी होनी चाहिए।
- चूंकि किसी भौतिक चोरी को रोकने के लिए तो एक अनपढ़ बॉडीगार्ड भी पर्याप्त हो सकता है लेकिन पूर्व में की गई चोरी को पकड़ने हेतु सीआईडी जैसे किसी सुप्रशिक्षित और चौंकने व्यक्ति को निगरानी में रखने की आवश्यकता होती है।
- इसके लिए सर्वप्रथम मतगणना के लिए ऐसे एजेंटों का चयन आवश्यक है, जो तकनीकी और तार्किक ज्ञान से कुशल होने के साथ - साथ कट्टर ईमानदार और पार्टी के प्रति वफादार हो, जो किसी भी प्रकार के प्रलोभन से बिके नहीं। यानि सूरत व इंदौर के उम्मीदवारों के चयन वाली गलती एजेंट चयन में बिलकुल न हो।
- इंडिया गठबंधन की सभी पार्टियों को और उनके प्रत्याशियों को मतगणना के लिए अपने एजेंटो को अनुभवी अधिवक्ता कपिल सिब्बल जी द्वारा सुझाई गई प्रक्रिया और उसके सूक्ष्म पहलुओं का अक्षरशः पालन करने का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए।
- किसी भी तरीके की गड़बड़ी पाए जाते ही उसे सामान्य त्रुटि न माने, उसे तुरंत पार्टी के शीर्षस्थ नेताओं को अवगत करवाएं और मीडिया में भी खुलासा करे।
- ऐसा होते ही मतदान प्रक्रिया को तुरंत रुकवाएं और VVPAT पर्चियों की 100त्न गिनती के लिए दबाव बनवाएं।
- वैसे मैं इस बात को भी रेखांकित करना चाहूंगी कि इंडिया गठबंधन को 01 जून की इस बैठक से एक मनोवैज्ञानिक लाभ तो मिलेगा क्योंकि इसी दिन शाम से तमाम न्यूज चैनलों के एग्जिट पोल भी आने शुरू होंगे इसलिए वे भी इंडिया गठबंधन की पार्टियों और नेताओं की तैयारी और उनके आत्मविश्वास से अपना एकतरफा सत्ता के पक्ष में हवाहवाई माहौल बनाने में थोड़े विचलित तो होंगे।
- फिर भी डंकापति के हालिया कदमों को देखते हुए मुझे एक आशंका हरदम सताती रहती है कि 04 जून को नतीजे अगर डंकापति के अनुकूल नहीं आए तो महामानव से देवदूत बने इस डंकापति द्वारा किसी देववाणी की तरह आपातकाल की घोषणा भी करवाई जा सकती है। इसलिए समस्त विपक्षी पार्टियों, उनके नेताओं और लोकतंत्र व संविधानप्रेमी बुद्धिजीवियों को इस स्थिति से निपटने के लिए भी मानसिक रूप से तैयार रहना चाहिए।

??

**भावना मंगलमुखी**
**सामाजिक कार्यकर्ता,**
**सदस्य अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति**
**पालघर, मुंबई।**

### महापुरुष

क्या से क्या कर जाते हैं ?
जो महापुरुष कहलाते हैं,
नाम है जीवन संघर्षों का
सीख यही वे दे जाते हैं

1
जीते जी ना कद्र भले हो
वो अपना फर्ज निभाते हैं
निर्भिकता से अग्निपथ पर
वो एकला बढ जाते हैं
एक दिन सबको समझ आता है
चले जगत से जब जाते हैं
नाम है जीवन संघर्षों का
सीख यही वे दे जाते हैं।

2
लगता है आसान सभी को
उनके पथ पर चल जाना
कुछ बढते हैं साहस करके
पड़ता है कुछ को लौट आना
दृढ़ निश्चय महात्यागी ही
कंटकमय पथ अपनाते हैं
नाम है जीवन संघर्षों का
सीख यही वे दे जाते हैं।

3
महापुरुषों का जीवन दर्शन
और विचार जो अपनाता है,
वही सफल होता है जग में
आदर्श सभी का बन जाता है
समय-समय पर इस धरती में
महामानव आते-जाते हैं
नाम है जीवन संघर्षों का
सीख यही वे दे जाते हैं ।

4
अपना घर-परिवार त्याग कर
जीवन भी कुर्बान है करते,
मानवता की खाली गघरी
सुनेपन को प्यार से भरते
अंधविश्वास कुरितियों को जलाने
वो क्रांति मशाल जलाते हैं।
नाम है जीवन संघर्षों का
सीख यही वे दे जाते हैं ।

5
समता प्रेम बंधुत्व भाव को
मान दिलाने विष पीते हैं,
व्यवस्था में परिवर्तन लाने
घोर अभाव में जीते हैं,
शांति और मानवता खातिर
स्वयं का लहू सुखाते हैं
नाम है जीवन संघर्षों का
सीख यही वे दे जाते हैं
क्या से क्या कर जाते हैं
जो महापुरुष कहलाते हैं

**हरीश पांडल**
**विचार क्रांति**

# नर्मदा नदी में मिला बैग में अज्ञात महिला का शव पुलिस को हत्या का शक





**बुधनी (जोशीपूर )।** थाना बुधनी जिला सीहोर के मर्ग क्रमांक 20/24 धारा 174 आपराधिक मामला ,
दिनांक 30.05.24 को जोशीपुर नर्मदा नदी के बीच टापू पर एक बैग के अंदर महिला उम्र करीब 15 से 22 साल का शव मिला है, जिसका हुलिया बाल काले, चेहरा गोल, रंग गेहुआ , गले में काले रंग का धागा पहने है, बदन पर नीले रंग की टी शर्ट एवम लाल छप्पेदार चड्डा पहने है उक्त बैग के अंदर कुछ कपड़े भी मिले ह। उक्त शव करीबन 2 से 5 दिन पुरानी लग रही है, उक्त अज्ञात महिला की पहचान कर सूचना देने वाले को उचित ईमान दिया जायेगा।
बुदनी थाना पुलिस-
**फोन न. 7415553900**
**7049659492**
**9425674870 ( धाना प्रभारी)**

# चाकू से गोदकर युवक की हत्या

## सवितापुरा के पास नहर के किनारे मिला शव

मुरैना। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के तहत सवितापुरा नहर के किनारे युवक का शव मिला है। युवक की चाकू से गोदकर हत्या की गई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। युवक प्रेमनगर का रहने वाला बताया गया है। मृतक संजू पुत्र गयाराम उम्र 24 साल निवासी प्रेम नगर कल शाम को घर से निकला था, लेकिन वापस अपने घर नहीं पहुंचा। घटनाक्रम के मुताबिक सवितापुरा के लोग सुबह नहर के किनारे सड़क से गुजरे तो उन्हें लहूलुहान हालत में एक युवक पड़ा हुआ दिखाई दिया। पास जाकर जब लोगों ने देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। अभी हत्या के कारणों का पता नहीं चला है। बताया जाता है कि युवक के पेट व छाती पर चाकू से चार से पांच वार किए गए हैं। जिससे उसकी मौत हुई है।



# हत्याकांड के आरोपित ने व्यापारी को धमकाया, पकड़ने पहुंचे टीआइ-एसआई से की हुज्जत



इंदौर। चर्चित चिंटू हत्याकांड का आरोपित नारू उर्फ नारायण वर्मा बुधवार रात टीआइ और एसआई से भिड़ गया। पुलिस को गाड़ी में बैठाने के लिए मशक्कत करनी पड़ी। गुंडे ने पुलिसवालों की वर्दी पकड़ ली और देख लेने की धमकी दी। बदमाश एक व्यवसायी से दो लाख रुपये की मांग कर रहा था। एडिशनल डीसीपी (जोन-4) आनंद कुमार यादव के मुताबिक, कुख्यात गुंडा नारायण उर्फ नारू वर्मा कुछ दिनों पूर्व ही जेल से छूटा है। उसने जनवरी 2022 में भूपेंद्र उर्फ चिंटू वर्मा की हत्या कर शव ड्रम में डालकर जला दिया था। आरोपित ने बुधवार को फ्लेक्स व्यवसायी शुभम तिलवाड़िया को अहीरखेड़ी में श्मशान के पास रोका और कट्टा अड़ाकर कहा कि मुझे दो लाख रुपये चाहिए। उस वक्त नारू के साथ चीनू उर्फ काला भी मौजूद था। रुपये न देने पर चिंटू की तरह हत्या करने की धमकी दी। चीनू ने चाकू अड़ाया और नारू ने कनपटी पर कट्टा रख दिया। जैसे ही पुलिस को खबर मिली द्वारकापुरी टीआई अनिल गुप्ता, एसआई आलोक मिठास जवानों को लेकर नारू को ढूंढने जा पहुंचे। रात में ही पुलिस ने नारू को विदुर नगर में घेर लिया। नारू टीआई से हुज्जत करने लगा। जवानों की वर्दी पकड़ ली। नारू के स्वजन भी उलझ गए। काफी मशक्कत के बाद उसे जीप में बैठाया। थाने लाकर उसकी जमकर पिटाई की।

# गाना बजाने को लेकर हुआ विवाद, पलटा डीजे वाहन, गंभीर चोट लगने से दो की मौत, ग्रामीणों ने वाहन फूंका

**बैतूल।** जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जामुनढाना में गुरुवार रात्रि में शादी समारोह में डीजे पर गाने बजाने को लेकर विवाद हो गया। डीजे वाहन चालक ने वाहन को तेज रफ्तार में पीछे लिया, जिससे कुछ लोगों को टक्कर लग गई। वाहन ढलान पर जाकर पलट गया और उसके नीचे एक नाबालिग समेत दो महिलाएं दब गईं। लोगों ने जैसे-तैसे उन्हें बाहर निकाला। डीजे वाहन के नीचे दबने और टक्कर लगने से रेशमा पिता राजू इवने (17), वर्षीय रामरती बाई (55) और शांता बाई (30) घायल हो गईं। सभी को शाहपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर रेशमा को जिला अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। उधर, शाहपुर स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती रामरती बाई की भी देर रात मौत हो गई। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने डीजे वाहन में





आग लगा दी।

## पुलिस ने शांत कराया मामला

रात्रि में सूचना मिलने पद शाहपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन में आग बुझाने के साथ ही ग्रामीणों को शांत कराया। एसडीओपी मयंक तिवारी ने बताया कि रात्रि में डीजे पर गाना बजाने को लेकर विवाद हुआ। इस पर डीजे वाहन वापस ले जाने के लिए जब चालक ने रिवर्स लिया तो वह लोगों को टक्कर मारते हुए पलट गया। उसमें दबने से घायल एक किशोरी की बैतूल अस्पताल ले जाते हुए और एक महिला की शाहपुर अस्पताल में मौत हुई है। एक अन्य घायल महिला का उपचार किया जा रहा है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

# 13 जून को छत्तीसगढ़ में दस्तक दे सकता है मानसून एक जून से ही बदल जाएगा मौसम का मिजाज

**रायपुर।** दक्षिण पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने की गतिविधि लगातार जारी है और इसके लिए परिस्थितियां भी अनुकूल बन रही हैं। मौसम विज्ञानियों ने संभावना जताई है कि मानसून 13 जून को जगदलपुर होते हुए छत्तीसगढ़ प्रवेश करेगा। इसके बाद 16 जून को मानसून के छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में प्रवेश की संभावना है। साथ ही 21 जून को मानसून के अंबिकापुर में प्रवेश करते ही पूरे छत्तीसगढ़ में मानसून प्रवेश कर जाएगा। मौसम विभाग के अनुसार इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में ज्यादा बारिश होने की संभावना है। यह देखा जा रहा है कि पिछले वर्ष की तुलना में मानसून प्रवेश छह दिन पहले प्रवेश कर रहा है। अभी तो पूरा प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट है, हालांकि एक जून से प्रदेश में मौसम का मिजाज बदलेगा और अंधड़ के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। इन दिनों लगातार अधिकतम व न्यूनतम तापमान बढ़ोतरी के साथ ही प्रदेश भर में लू भी चल रही है। मौसम विभाग ने लू को लेकर अलर्ट भी जारी कर दिया है। विभाग के अनुसार गुरुवार 30 मई व शुक्रवार 31 मई को भी प्रदेश के रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग संभाग के कुछ क्षेत्रों में लू चलेगा। लोगों को चाहिए कि लू से




बचने का उपाय करते हुए पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं। साथ ही घर से बाहर निकलने से पहले शरीर को अच्छी तरह से ढंके। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि शनिवार एक जून से अधिकतम तापमान में थोड़ी गिरावट आनी शुरू होगी और लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी।

# शराब दुकान में लाइन लगने के विवाद में दो को चाकू मारने वाले नाबालिग समेत पांच गिरफ्तार

**रायपुर।** विधानसभा इलाके के आमासिवनी शराब दुकान के बाहर लाइन लगने के नाम पर हुए विवाद में दो लोगों पर जानलेवा हमला करने वाले एक नाबालिग समेत पांच लोगों को बुधवार गिरफ्तार कर जेल व बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया गया। विधानसभा पुलिस के मुताबिक संजयनगर,टिकरापारा के खिलेश्वर उर्फ दद्दू यादव(19),बीएसयूपी कालोनी खालबाड़ा सड्डू के घनश्याम सोनी(20),संजयनगर के ओम वर्मा(18), बीएसयूपी कालोनी खालबाडा सड्डू के नर्मदा प्रसाद वर्मन(18) और एक नाबालिग ने मिलकर 28 मई को आमासिवनी स्थित अंग्रेजी शराब दुकान में शराब खरीदने के दौरान लाइन में पहले से खड़े संजय डांडे से विवाद कर खींचते हुए सडक किनारे ले जाकर चाकू से ताबडतोड़ हमला कर दिया था। इस दौरान बीच-बचाव करने सामने आए दिनेश कुमार मेहर को भी चाकू मारकर आरोपित घायल करके आटो ई रिक्सा क्रमांक सीजी 04 पीएच 5390 में सवार होकर भाग गए थे। शिकायत पर पुलिस ने हत्या की कोशिश, बलवा का केस दर्ज कर पांचों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।




# पत्नी पर भद्दी टिप्पणी से भड़का मित्र, अपने भाई के साथ मिलकर मित्र की पीट-पीट कर की हत्या

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम आमापाली में गांव के बाहर खेत पगडंडी में एक युवक के शव मिले मामले में धरमजयगढ़ पुलिस द्वारा हत्या का पर्दाफाश कर दो सगे भाईयों को गिरफ्तार का रिमांड पर भेजा गया है । जिसमें दो सगे भाई ने अपने हमप्याले मित्र को पत्नी पर अशोभनीय भद्दी टिप्पणी करने से नाराज़गी जाहिर कर मरते तक पिटाई कर दिए थे। जानकारी के मुताबिक 24 मई को ग्राम आमापाली के बाहर खेत में एक युवक का शव पड़े होने की सूचना थाना प्रभारी धरमजयगढ़ को प्राप्त होने पर तत्काल मौके पर धरमजयगढ़ पुलिस पहुंची। मृतक की पहचान गांव के घांसीराम विश्वकर्मा उम्र (35 वर्ष) के रूप में हुई । शव का बारीकी से निरीक्षण पर शव के बाएं पसली, सीना, हाथ, पैर में चोट खरोंच के निशान थे । घटना के संबंध में गांव के विनोद तिग्गा और उसके भाई अनिल तिग्गा ने मृतक घांसीराम को शराबी प्रवृत्ति का बताते हुए अत्यधिक शराब पीने से मौत होने की बताये। धरमजयगढ़ पुलिस द्वारा मामले को गंभीरतापूर्वक लेकर शव का पीएम कराकर शार्ट पीएम रिपोर्ट प्राप्त किया गया । पीएम में हत्यात्मक प्रवृत्ति का लेख किया गया जिस पर थाना प्रभारी धरमजयगढ़ निरीक्षक कमला पुसाम ठाकुर द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए उनके मार्गदर्शन पर मृतक के परिजनों, गवाहों से पूछताछ कर जांच आगे बढ़ाई इस दरम्यान मृतक घांसीराम को आखिरी बार विनोद तिग्गा और अनिल तिग्गा के साथ देखा जाने की जानकारी हुई। दोनों संदेहियों को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनों भाइयों ने घासीराम की हत्या करना स्वीकार किये और बताए कि 23 मई को विनोद तिग्गा अपने साथी घांसीराम विश्वकर्मा को शराब पीने के लिए घर पर बुलाया था, रात में घासीराम विश्वकर्मा, विनोद तिग्गा और विनोद का भाई अनिल तिग्गा तीनों मिलाकर शराब पीये। इसी दरमियान घांसीराम ने विनोद की पत्नी पर भद्दी अशोभनीय बातें कहीं जिसे लेकर विनोद का घांसीराम के साथ विवाद हो गया और दोनों भाई मिलकर घांसीराम को हाथ, मुक्का डंडे से मारपीट कर हत्या कर दिये और शव को पास खेत में ले जाकर फेंक आये। आरोपियों के मेमोरेंडम पर घटना में प्रयुक्त डंडा व प्लास्टिक के बेंट को बरामद कर जप्त किया है । धरमजयगढ़ पुलिस ने दोनो सगे भाई विनोद तिग्गा पिता अमोस तिग्गा उम्र 33 वर्ष, अनिल तिग्गा पिता अमोस तिग्गा उम्र 36 वर्ष दोनों निवासी पलटनपारा आमापाली थाना धरमजयगढ को गिरफ्तार कर की है।



### खतरनाक कालीघाट अक्सर होती है यहां दुर्घटना,

# अब मिलेगी राहत, नया पुल व सड़क चौड़ी से आवागमन होगा सुगम

**अंबिकापुर।** अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग 43 में अंबिकापुर और बिश्रामपुर के बीच दुर्घटना के लिए संवेदनशील कालीघाट इलाके को नया रूप देने की तैयारी आरंभ हो गई है। तकनीकी रूप से त्रुटिपूर्ण इस हिस्से में जल्द ही चौड़ी सड़क और एक नया पुल तैयार किया जाएगा। दशकों पुरानी पुलिया की जगह नया पुल तैयार किया जा रहा है। 16 मीटर लंबे और 16 मीटर चौड़े इस पुल के निर्माण के साथ लगभग दो किलोमीटर सड़क का चौड़ीकरण भी किया जाएगा। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा स्वीकृत इस निर्माण के तहत इन दिनों पुल बनाने का काम चल रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा निर्माण से पूर्व इस मार्ग में एक एप्रोच सड़क भी बना दी गई है। जल्द ही इस पर डामरीकरण भी कर दिया जाएगा ताकि बारिश के दिनों में राष्ट्रीय राजमार्ग के इस हिस्से में आवागमन बाधित न हो। इस निर्माण कार्य पर सात करोड़ 36 लाख की लागत आएगी और नौ माह के भीतर निर्माण को पूरा करना है अंबिकापुर से करीब सात किलोमीटर दूर कालीघाट इलाके में आए दिन दुर्घटना होती है। घुमावदार और तकनीकी रूप से त्रुटिपूर्ण इस सड़क के साथ पुरानी दबी हुई पलिया दुर्घटना की बड़ी वजह मानी जाती है। राष्ट्रीय राजमार्ग 43 में कटनी गुमला के बीच का यह हिस्सा आज तक नहीं सुधर पाया। राष्ट्रीय राजमार्ग के मानक के अनुसार ऐसे हिस्से को बेहतर ढंग से बनाने का प्रविधान है। लिहाजा सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने निर्माण को मंजूरी दी है। यहां निर्माण के लिए काम तेजी से किया जा रहा है। पुल का पाया तैयार करने काम चल रहा है। आने वाले दिनों में बारिश को देखते हुए जितना काम हो सके उतना किया जा रहा है। विभाग की कोशिश है कि पुल का निचला स्ट्रक्चर तैयार हो जाए ताकि बारिश में भी काम बाधित न हो। राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के कार्यपालन अभियंता नितेश तिवारी ने बताया कि कालीघाट के पास नवीन पुल के साथ दो किमी चौड़ी सड़क बनाई जाएगी। एक किलोमीटर सड़क का हिस्सा सूरजपुर रोड की ओर और



एक किलोमीटर का हिस्सा अम्बिकापुर की ओर तैयार किया जाएगा। यहां पर सड़क की चौड़ाई लगभग सात मीटर है जिसे बढ़ाकर अब 10 मीटर कर दिया जाएगा। चौड़ी सड़क और नया पुल तैयार होने के बाद कालीघाट के पास के हिस्से को काफी हद तक सुधार दिया जाएगा।

**बाइपास को देखते हुए सड़क चौड़ीकरण था जरूरी:** राष्ट्रीय राजमार्ग 43 में महावीरपुर और अक्षर स्कूल के पास भविष्य में दो बाईपास तैयार होने वाले हैं। एक बाईपास मनेंद्रगढ़ रोड को सीधे बिलासपुर और रायगढ़ रोड को जोड़ेगा और दूसरा बाईपास रामानुजगंज रोड की ओर निकलेगा। चूंकि यहां पर दो बाईपास तैयार हो रहे हैं इसलिए यहां पर सड़क की चौड़ाई भी बढ़ाना जरूरी था। कालीघाट के पास जिस हिस्से में पुल तैयार हो रहा है वहां से एक किलोमीटर की सड़क जो नई तैयार की जा रही है इस बाईपास को साथ में लेते हुए आगे तक जाएगी। नई सड़क की चौड़ाई लगभग 10 मीटर है इससे भविष्य में जब भी बाईपास तैयार होगा तो वाहन चालकों को आने-जाने में परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा और यातायात भी प्रभावित नहीं होगी।

**दो किमी सड़क चौड़ीकरण में कटेंगे कई पेड़**

कालीघाट के पास वर्तमान में सड़क की चौड़ाई सात मीटर है उसे अंबिकापुर और सूरजपुर दोनों तरफ एक-एक किलोमीटर 10 मीटर चौड़ी सड़क बनाने की योजना है। इन दोनों हिस्सों में सड़क के किनारे काफी संख्या में पेड़ है जो सड़क की चौड़ाई बढ़ाने के दौरान प्रभावित होंगे। इसके लिए राष्ट्रीय राजमार्ग ने मंजूरी ले ली है और पेड़ काटने के लिए जरूरी राशि है विभाग द्वारा जारी कर दी गई है। सड़क का काम शुरू हो उससे पहले पेड़ों की कटाई की जाएगी। दो किमी सड़क चौड़ीकरण में काफी पेड़ सड़क किनारे से हटेंगे। यही पेड़ कई बार हादसों का कारण बनते हैं, लिहाजा सड़क चौड़ीकरण से यहां पर आवागमन सुगम होगा।

# धान की जगह किसान लेंगे कोदो, असिंचित क्षेत्र होगा समृद्ध, मधुमेह व एनिमिया पीड़ितों के लिए लाभ कारी कोदो

**कोरबा** । खरीफ वर्ष 2024-25 के लिए विभिन्न फसलों की बोआई रकबा जिला कृषि विभाग ने निर्धारित कर दिया है। सरकार ने धान की कीमत 2500 रूपये प्रति क्विंटल से 3100 रूपये तो बढ़ा दिया है और ज्यादातर किसान परंपरागत खेती करना चाहते हैं। जहां सिंचाई की सुविधा नहीं है, वहां के किसानों को मोटा अनाज की सलाह दी जा रही। इससे प्रेरित होकर चार हजार किसानों ने कोदो की खेती की तैयारी शुरू कर दी है। चयनित किसानों के खेत में पहुंचकर कृषि विस्तार अधिकारी बोआई से लेकर फसल पकने तक बीज की बोआई से लेकर खाद व दवा छिड़काव की जानकारी देंगे। योजना का उद्देश्य कम रकबा में अधिक लाभ देने वाले फसल की समृद्ध खेती को बढ़ावा देना है। धान के अलावा दीगर फसल उत्पादन के लिए कृषि विभाग की ओर से किसानों को प्रेरित किया जा रहा है। धान की उपज प्रति एकड़ में औसतन 20 से 25 क्विंटल होती है। वहीं कोदो पांच क्विंटल होता है। प्रति एकड़ धान की खेती में 22 हजार रूपये खर्च आता है। कोदो की खेती मात्र तीन से चार हजार रूपये में हो जाती हैं। मिलिंग के बाद धान से चावल की कीमत 50 रूपये है, जबकि कोदो का मूल्य खुले बाजार में 80 से 100 रुपये है। वन विभाग की ओर से समर्थन मूल्य में इसकी खरीदी की जाती है। कोदो की फसल तीन माह में ही तैयार हो जाती है और पानी भी कम लगता है कोदो की मिलिंग के लिए कसनिया में मशीन लगाया गया है। किसान यहां मिलिंग कराने के बाद खुले बाजार में स्वयं बिक्री कर सकेंगे। खास बात यह है कि कोदो की फसल तीन माह में ही तैयार हो जाती है और पानी भी कम लगता है। इसके विपरीत धान को तैयार होने में पांच माह का समय लगता है। अधिक से अधिक किसानों को इसकी तकनीकी खेती से जोड़ने के लिए कृषि विभाग की ओर प्रदर्शनी योजना की तैयारी की जा रही है। जिले में अधिकांश किसान रोपा व लेही पद्धति से खेती करते हैं। किसान अधिक से अधिक योजना का लाभ ले सके इसके लिए प्रेरित किया जा रहा है। योजना से जोड़ने के लिए प्रत्येक कृषि विस्तार अधिकारियों को कहा गया है।



### धान के रकबा में 549 हेक्टेयर की वृद्धि

जिले में इस वर्ष 91 हजार 95 हेक्टेयर में धान बोआई क्षेत्राच्छादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। धान की कीमत बढ़ने से इस वर्ष बोआई रकबा बढ़ना स्वाभाविक है। बीते वर्ष 90 हजार 546 हेक्टेयर में बोआई की गई थी। पिछले वर्ष की तुलना में 549 हेक्टेयर रकबा बढ़ गया है। जिन स्थानों में धान उपज की संभावना कम है वहां कोदो के अलावा रागी, मक्का, ज्वार व दलहन, तिलहन को बढ़ावा दिया जा रहा है। शासन ने धान और मक्का की तरह कोदो का सरकारी दर तय किया है। बीते वर्ष की तरह इस वर्ष भी वन समितियों की ओर इसे 35 रुपये किलो में खरीदी की जाएगी। कोदो की बोआई के लिए मैदानी खेत ही उपयुक्त है। विभागीय अधिकारी का कहना है कि प्रति किलो धान के लिए चार लीटर पानी की जरूरत होती है। इसकी तुलना में कोदो मात्र आधा लीटर पानी में ही तैयार हो जाता है।

# Neena Gupta और जितेंद्र कुमार पर 'पंचायत' ने डाला है गहरा असर, गांव की लाइफस्टाइल को करते हैं पसंद

इंदौर। ओटीटी की मोस्ट फेमस वेब सीरीज पंचायत 3 की रिलीज का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। ग्रामीण जीवन शैली पर आधारित इस सीरीज से लोग काफी रिलेट करते हैं, जिसके कारण इसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिला है। सीरीज में नीना गुप्ता ने गांव की प्रधान और जितेंद्र कुमार ने पंचायत सचिव की भूमिका निभाई है। इन दोनों कलाकारों के साथ-साथ सीरीज के सभी किरदारों ने लोगों के दिलों में अपनी एक अलग ही जगह बनाई है। बस कुछ ही दिनों में पंचायत का तीसरा सीजन रिलीज होने जा रहा है।



## कम जरूरतों में भी काम हो सकता है

हाल ही में जागरण को दिए गए एक इंटरव्यू जब नीना गुप्ता ने पंचायत से जुड़े अपने एक्सपीरियंस पर बात की। उन्होंने बताया, सादगी और ईमानदारी। ये दो चीजें हमारी पंचायत की शक्ति हैं। आम तौर पर लोग भटक जाते हैं। ग्लैमर को लेकर बहुत ज्यादा नाटकीय हो जाते हैं। पंचायत ने इस शक्ति को संजोकर रखा है। इसी वजह से शो के पिछले सीजन को काफी पसंद किया गया है। इस पर सहमति जताते हुए, जितेंद्र कहते हैं, मैं भी यही मानता हूं। आप जब मुंबई में रहते हैं, तो आपको हर तरह की सुविधा मिलती है। जब आप गांव जाते हैं, तो वहां की जिंदगी देखते हैं और लगता है कि कम जरूरतों में भी काम हो सकता है।



## सीरीज का मेन कैरेक्टर है 'लौकी'

आप इसी में खुश रह सकते हैं। गांव में कुछ समय शूट करके शहर लौटने के बाद उन बातों को मैं खुद पर लागू करता हूं, जिससे मुझे लगता है कि कम में भी खुश हूं।÷ इसके आगे जब दोनों कलाकारों से सीरीज का फेमस कैरेक्टर लौकी को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा, बचपन में तो यह सब्जी बिल्कुल पसंद नहीं थी। शो में दिखाया भी गया है कि अभिषेक त्रिपाठी को लौकी पसंद नहीं है, वैसा ही मेरे साथ रहा है। अभी कुछ सालों से ही मैं खाने लगा हूं। वहीं, नीना इस पर कहती हैं, गर्मी के दिन हैं, तो लौकी-तोरई के दिन हैं। जितेंद्र तू ऐसे बोलेगा, तो लगेगा कि बूढ़ा हो गया है क्योंकि जवानी में किसी को भी लौकी खाना पसंद नहीं होता है। बुढ़ापे में ही सब लौकी-तोरई खाते हैं।

# भारत में फेमस ये टीवी शोज पाकिस्तान में है बैन, ये है कारण

इंदौर। भारत और पाकिस्तान से जुड़ी चीजें सभी जानते हैं। भारत में पाकिस्तानी कलाकारों के काम करने पर रोक लगी हुई है। लेकिन दोनों देशों को एक-दूसरे का एंटरटेनमेंट और कलाकार पसंद आते हैं। काफी कम लोग ये बात जानते होंगे की कुछ भारतीय टीवी शोज ऐसे हैं, जिनके टेलीकास्ट पर पाकिस्तान में बैन लगा हुआ है। जबकि ये टीवी शोज भारत में काफी फेमस रहे हैं। आइए, जानते हैं कि इंडिया के पॉपुलर वे टीवी शोज कौन-से हैं, जिनके पाकिस्तान में प्रसारण पर बैन लगा हुआ है।

## भाबी जी घर पर हैं



टीवी का पॉपुलर शो भाबी जी घर पर है एक कॉमेडी ड्रामा शो है। इस शो में दिखाया गया है कि दो पड़ोसियों विभूति नारायण मिश्रा और तिवारी की आपस में काफी लड़ाईयां होता है। दोनों एक-दूसरे की पत्नी के साथ काफी फ्लर्ट भी करते हैं। यह शो कॉमेडी से तो भरपूर है, लेकिन पाकिस्तान में इसे बैन किया गया है। इसका कारण है कि भाबीजी घर पर है शो को गलत मैसेज देने वाला बताया गया है।

## नागिन

एकता कपूर का हिट शो नागिन के अब तक 5 सीजन आ चुके हैं। इस शो का हर सीजन काफी टीआरपी बटोरता है। पहले पाकिस्तान में इस शो को टेलीकास्ट किया जाता था। इसे काफी पसंद भी किया जाता था। लेकिन बाद में इसके सीजन्स पर बैन लगा दिया गया। इसका कारण शो में कलाकारों का एक-दूसरे के लिए हेट स्पीच देना था।

## बिग बॉस




इंडिया का मोस्ट एंटरटेनिंग रियलिटी शो बिग बॉस दर्शकों का पसंदीदा शो है। इंटरनेशनल लेवल पर भी इस शो की काफी अच्छी फैन फॉलोइंग है। शुरुआत में कुछ सीजन पाकिस्तान में टेलीकास्ट किए गए थे। लेकिन बाद में फिर इसे बैन कर दिया गया था। दरअसल, बिग बॉस एक कंट्रोवर्शियल शो है। इसके कई सीजन्स में मारपीट और गाली गलौज देखी गई है। इस वजह से शो को पाकिस्तान में बैन कर दिया गया है।

## ये हैं मोहब्बतें



दिव्यांका त्रिपाठी और करण पटेल का फेमस शो ये हैं मोहब्बतें दर्शकों ने खूब पसंद किया है। यह एक सुपरहिट इंडियन टीवी सीरियल रहा है। इस शो से करण और दिव्यांका को काफी अच्छी फेम मिली थी। लेकिन इसे पाकिस्तान में बैन कर दिया गया था। शो में दिव्यांका और करण के बीच कुछ ऐसे सीन्स दिखाए गए थे, जो लोगों को ठीक नहीं लगे थे। इसके कारण शो को पाकिस्तान में बैन कर दिया गया था।

## कुबूल है




कुबूल है एक इंडियन मुस्लिम शो था, जिसमें सुरभि ज्योति और करण सिंह ग्रोवर लीड रोल में थे। यह एक फैमिली स्टोरी थी। शो में महिलाओं के खिलाफ काफी अत्याचार दिखाया गया था, इस पर कम्प्लेन के बाद पाकिस्तान में यह शो बैन कर दिया गया था। इंडिया में इस शो को अभी भी उस समय का पॉपुलर सीरियल माना जाता है।

## थपकी प्यार की

कलर्स का पॉपुलर शो थपकी प्यार की दर्शकों को काफी पसंद आया था। यह एक ऐसी लड़की की कहानी थी, जो हलका कर बात करती है। शो को पाकिस्तान में बैन कर दिया गया था।




# फिल्म ही नहीं, इस बॉलीवुड स्टार का टीवी ऐड भी हुआ था फेमस, लोगों ने जमकर बरसाया था प्यार

इंदौर। बॉलीवुड में कपूर फैमिली ने अपना एक अलग ऑरा सेट कर रखा है। पृथ्वीराज कपूर, करीना कपूर समेत इसी परिवार के सदस्यों ने सिल्वर स्क्रीन पर अपनी एक्टिंग का परचम लहराया है। इसी परिवार के दो सदस्य राज कपूर और शम्मी कपूर ने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में नई ऊंचाइयों को छुआ है। इन दोनों से जुड़ा एक किस्सा काफी दिलचस्प है। एक बार राज कपूर अपने छोटे भाई शम्मी से काफी गुस्सा हो गए थे। दरअसल, एक टीवी ऐड को देखकर उनका पारा बढ़ गया था। इतना ही नहीं, उन्होंने एयरपोर्ट पर ही शम्मी को फटकार लगा दी थी।

## इस ऐड से मिली थी लोकप्रियता



80 के दशक में शम्मी कपूर इंडस्ट्री में अपनी टॉप पर जगह बना चुके थे। उस समय उन्हें एक टीवी ऐड की डील मिली। यह ऐड पान पराग मसाला के लिए था। शम्मी ने बेझिझक इस टीवी ऐड के लिए हां कह दिया। इसमें उनके साथ दिग्गज एक्टर अशोक कुमार भी मौजूद थे। पान पराग के टीवी ऐड को शम्मी कपूर की फिल्मों की तरह ही दर्शकों का प्यार मिला था। शम्मी कपूर को इस ऐड से खूब लोकप्रियता मिली। फिल्म ही नहीं, इस बॉलीवुड स्टार का टीवी ऐड भी हुआ था फेमस, लोगों ने जमकर बरसाया था प्यारफिल्म ही नहीं, इस बॉलीवुड स्टार का टीवी ऐड भी हुआ था फेमस, लोगों ने जमकर बरसाया था प्यार हालांकि, उन्हें नहीं पता था कि पर्सनल लाइफ में यह ऐड क्या असर डालेगा। एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने इस बात का खुलासा किया था कि जब हम अपने परिवार के साथ हांगकांग की ट्रिप पर जा रहे थे, तो उस वक्त एयरपोर्ट पर मुझे कुछ फैंस मिले।

## राज कपूर ने जमकर लगाई फटकार

वो सभी फैंस मेरे पास पान पराग ऐड की लाइन गाते हुए मेरे पास आए थे। यह सब देखकर मेरे भाई राज कपूर भड़क गए, उन्हें यह पसंद नहीं आया कि लोग मुझे एक तंबाकू के ऐड की वजह से जान रहे हैं। कम से कम परिवार की गरिमा का तो ख्याल रखा होता। उन्होंने मुझसे कहा कि तुम्हारी फिल्म की जगह तुम एक पान मसाला के ऐड से फेमस हो रहे हो। इसके बाद मुझे वाकई महसूस हुआ और कोई भी टीवी ऐड मैंने नहीं किया।

# म्यूचुअल फंड में इस तरीके से करें निवेश बाजार की मंदी का भी नहीं पड़ेगा असर



**इंदौर।** बचत और निवेश की बात होने पर बहुत से लोग सोच में पड़ जाते हैं कि पैसा कहां निवेश किया जाए। शेयर बाजार में लंबे समय का निवेश बहुत अच्छा रिटर्न देता है। शेयर बाजार में पैसा म्यूचुअल फंड के माध्यम से लगाया जाए तो रिस्क भी कम हो जाती है। ताजा समय की बात करे तो बाजार अपने उच्च स्तर पर है और सोने के भाव भी बढ़े हुए हैं। ऐसे समय निवेशक की चिंता यह होती है कि तेजी में किस प्रकार निवेश किया जाए और बाजार में दाखिल हुआ जाए।

## क्या कहते हैं एक्सपर्ट?





वित्त सलाहकार अरविंद शर्मा के अनुसार ऐसे समय में सिस्टमैटिक ट्रांसफर प्लान (एसटीपी) म्यूचुअल फंड में पैसा लगाने का एक अच्छा माध्यम हो सकता है। वो भी ऐसे समय में जब बाजार बहुत ऊंचे स्तर पर होता है। इस माध्यम से निवेशक कोई भी डेट फंड की स्कीम चुन सकता है और इकट्ठा पैसा डाल सकता है। यह स्कीम बांड और गवर्नमेंट प्रतिभूतियों में पैसा लगाती हैं और इस पर ब्याज भी मिलता है। साथ ही दूसरी स्कीम शेयर बाजार में निवेश करने वाली चुन सकता है और अपना पैसा डेट फंड से इक्विटी फंड में ट्रांसफर कर सकता है और अच्छी बात यह है के यहां प्रतिदिन, साप्ताहिक, महीने में दो बार अथवा महीने में एक बार भी निवेश किया जा सकता है।

## मिलेंगे ये फायदे

दरअसल, इस तरह से इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश करने से कुछ फायदे होते हैं। इससे बाजार में हो रही तेजी-मंदी का असर निवेश पर एक दम नहीं पड़ता है। यदि मार्केट नीचे आ जाता है तो इक्विटी म्यूचुअल फंड में यूनिट्स ज़्यादा मिल जाती है और मार्केट ऊपर जाता है तो खरीद यूनिट्स के भाव बढ़ जाते हैं। जो पैसा डेट फंड में डाला है उस पर भी रिटर्न आ जाता है। इस प्रकार निवेश करने से निवेशक तेजी-मंदी से बच सकता है सिस्टमैटिक ट्रांसफर प्लान इस समय इकट्ठा पैसा डालने का सही तरीका है। इस तरीके को निवेशक गोल्ड म्यूचुअल फंड खरीदने में भी उपयोग कर सकता है।

# क्या इनकम टैक्स और टीडीएस को लेकर आप भी हैं कन्फ्यूज

**इंदौर।** वित्त वर्ष 2023-24 के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और ऐसे में कई लोग इनकम टैक्स और टीडीएस को लेकर बहुत अधिक असमंजस की स्थिति में रहते हैं। कई टैक्स पेयर को




Income Ta& और TDS में अंतर पता नहीं होता है और इस कारण कन्फ्यूजन की स्थिति में होते हैं। यहां इस बारे में विस्तार से जानकारी दे रहे हैं टैक्स व निवेश सलाहकार अभिषेक मलतारे। कई करदाता यह मानते हैं कि Income Ta& और TDS एक ही चीज होती है, लेकिन ऐसा नहीं है। Income Ta& और TDS टैक्स कलेक्ट करने के साथ उसकी गणना करने की एक प्रणाली है। इन दोनों में तरीकों में टैक्स का कैलकुलेशन अलग-अलग तरह से किया जाता है। एक वित्त वर्ष के दौरान किसी व्यक्ति, कंपनी या संगठन की जो भी सालाना आय होती है, उस पर जो टैक्स लगाया जाता है, उसे Income Ta& कहा जाता है। इसमें एक व्यक्ति या कंपनी के आय के सोर्स अलग-अलग हो सकते है। इससे सैलरी, प्रॉपर्टी या किराए से मिलने वाली आय भी शामिल होती है। एक वित्त वर्ष के दौरान यदि किसी व्यक्ति या कंपनी की आय 2.5 लाख रुपए से ज्यादा होती है तो उसे स्लैब के अनुसार, टैक्स देना पड़ता है। हालांकि नई कर व्यवस्था के अनुसार, एक वित्त वर्ष में यदि सालाना आय 3 लाख रुपए से ज्यादा है तो उसे भी टैक्स चुकाना पड़ेगा। इसमें वरिष्ठ नागरिकों को कुछ राहत भी दी जाती है।




### जानें क्या होता है

TDS इनकम टैक्स से काफी ज्यादा अलग होता है और यह कर चोरी रोकने में मदद करता है। किसी व्यक्ति या संगठन को जब सैलरी, ब्याज, किराया या प्रोफेशनल फीस दी जाती है तो तय टैक्स राशि पहले ही काट ली जाती है। इस राशि को ही टीडीएस कहा जाता है। ञ्ष्ठस् की राशि तत्काल सरकार तो भेज दी जाती है। टीडीएस के कारण टैक्स कलेक्शन की प्रोसेस आसान हो जाती है और टैक्स चोरी की संभावना भी कम होती है।

# सोने की कीमत में मामूली तेजी, चांदी के भाव में जबरदस्त उछाल



**इंदौर।** भारतीय सर्राफा बाजार में 28 मई 2024 को सोने के भाव में तेजी आई है। अब सोने की कीमत 72336 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है। 27 मई 2024 को सोने के शाम के भाव की तुलना में 145 रुपये की तेजी आई है। चांदी के भाव में भी तेजी देखी गई है। चांदी के भाव में 92522 रुपये प्रति किलो हो गया है। राष्ट्रीय स्तर पर 999 शुद्धता वाले चांदी के भाव में 27 मई से 1711 रुपये की तेजी आई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स के अनुसार 27 मई की शाम को 999 शुद्धता वाले 23 कैरेट सोने की कीमत 72191 रुपये थी। 28 मई को 999 वाले 24 कैरेट सोने की कीमत 72336 रुपये हो गई है। 27 मई की शाम को 999 शुद्धता वाली चांदी की कीमत 90811 रुपये थी। 28 मई को 999 शुद्धता वाली चांदी की कीमत 92522 रुपये हो गई है। 28 मई को 995 शुद्धता वाले सोने की कीमत 72046 रुपये हो गई है। 916 शुद्धता वाले सोने की कीमत 66260 रुपये हो गई है। 750 शुद्धता वाले सोने की कीमत 54252 रुपये हो गई है। 585 शुद्धता वाले सोने की कीमत 42317 रुपये हो गई है।

# भारी भरकम टैक्स से बचना है तो घर बैठे करें यह काम, 31 मई है लास्ट डेट

**बिजनेस डेस्क।** आधार को पैन कार्ड तक अब तक लिंक करवाने वालों के लिए आयकर विभाग ने एक्स हैंडल पर पोस्ट कर इसे 31 मई तक लिंक करवाने के लिए कहा है, ऐसा न करने पर करदाताओं को भारी भरकम टैक्स चुकाना पड़ सकता है। इतना ही नही पैन कार्ड भी निरस्त होने की संभावना है। हालांकि आयकर विभाग ने करदाताओं को घर बैठे आधार कार्ड से पैन को लिंक करने की सुविधा दी है।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)